## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिला पंचायत सीईओ ऋचा प्रकाश चौधरी ने किया कार्यभार ग्रहण

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने गत दिवस जिला पंचायत कार्यालय रायगढ़ में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

### कीटनाशक के सेवन से युवक की तबियत बिगड़ी, राइनो ने पहुंचाया अस्पताल



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** घरघोड़ा राइनो को मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट प्राप्त हुआ । इवेंट पर डायल 112 आरक्षक अरविंद पटनायक थाना घरघोड़ा ईआरवी वाहन लेकर ग्राम पंडरीपानी पहुंचा । जहां रहने वाले भूख नंदन राठिया पिता दयाराम राठिया उम्र 30 वर्ष निवासी पंडरीपानी थाना घरघोड़ा कीटनाशक का सेवन कर अचेत अवस्था में घर पर पड़ा था । डायॅल 112 आरक्षक व ईआरवी वाहन चालक द्वारा भुख नंदन राठिया को ईआरवी वाहन में बिठाकर सीएससी घरघोड़ा ले जाकर भर्ती कराए।

### खेत से सोलर प्लेट चोरी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ग्राम पोतरा थाना लैलूंगा निवासी कृषक रामप्रसाद नायक पिता दामोदर नायक उम्र 64 वर्ष अपने खेत खसरा नम्बर 308 एवं 356/08 में सौर सुजला योजना से कृषि विभाग के माध्यम से 02 हार्स पावर का पंप सेट सौर प्लेट सहित लगाया गया था । रामप्रसाद नायक द्वारा वर्ष 2017-18 से सिंचाई हेतु पंप सेट का उपयोग लगातार किया जा रहा था । वर्तमान में फसल कटने के बाद पम्प बंद था दिनांक 23/04/2019 की रात को अज्ञात चोर 02 नग प्लेट को तोड-फोड कर नुकसान पहुंचाते हुए 02 नग प्लेट को चोरी कर ले गया । चोरी की रिपोर्ट रामप्रसाद नायक द्वारा आज दिनांक 20.07.19 को दर्ज कराने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 138/19 धारा 379 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# जिला पुलिस बल के 56 कर्मचारियों का स्थानांतरण, पुलिस अधीक्षक ने जारी किया स्थानांतरण आदेश


**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक रायगढ़ राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले के 02 उप निरीक्षक व 12 सहायक उपनिरीक्षक सहित 56 आरक्षक एवं प्रधान आरक्षकों का स्थानांतरण आदेश आज दिनांक 20.07.2019 को जारी किया गया है जिसके अनुसार अब उप



निरीक्षक मनोरमा कुर्रे को थाना घरघोड़ा, उपनिरीक्षक झामलाल मार्को को चौकी जूटमिल, सहायक उप निरीक्षक हुलसराम जयसवाल- थाना खरसिया, सउनि जी.आर. भगत -थाना डोंगरीपाली, सउनि रमेश शर्मा- थाना छाल, सउनि विजय गोपाल- थाना बरमकेला, सउनि जनक राम साहू- थाना सारंगढ़, सउनि इंगेश्वर यादव- थाना पुसौर, सउनि सरस्वती महापात्रे -थाना अजाक, सउनि गोवर्धन प्रधान - थाना चक्रधरनगर, सउनि भेवनदास चेल्से - थाना तमनार, सउनि जय मंगल निषाद -थाना कोतवाली, सउनि देवनाथ साहु - थाना पुसौर, सउनि दुर्गाचरण साहु - थाना तमनार की नई पदस्थापना होगी । उसी प्रकार 15 प्रधान आरक्षक व 27 आरक्षकों को नए थाना/ चौकी में पदस्थ किया गया है ।

## महापौर के भाई ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, कारण अज्ञात

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिले के जूटमिल क्षेत्र से बुरी खबर सामने आई है। जहाँ रायगढ़ नगर-निगम महापौर मधुबाई के भाई की आत्महत्या करने की जानकारी मिल रही हैं। सूत्रों की मानें तो मधुबाई के भाई रमेश चौहान उर्फ मुंडू ने अज्ञात कारणों से राउरकेला प्रवास के दौरान फांसी लगा ली जिससे उनकी मौक़े पर ही मौत हो गयी जिसकी जानकारी मोबाइल के जरिये राउरकेला पुलिस ने दी।



फ़िलहाल शव की सुपुर्दगी लेने के लिए रायगढ़ से मधुबाई अपने परिजनों के साथ राउरकेला रवाना हो रही हैं। घटना की खबर मिलते ही मेयर मधुबाई के पारिवारिक मित्र व शुभचिंतकों का उनके गृह निवास में आना शुरू हो गया है।

## दो ट्रेलर आपस में भिड़े, घायल ट्रेलर चालक को छाल राइनो ने पहुंचाया अस्पताल



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छाल राइनो को रोड एक्सीडेंट के इवेंट पर देवारमाल मेन रोड पर रवाना किया गया। जहां 2 ट्रेलर के आपस में भिड़ंत होने से एक ट्रेलर चालक यूनिस खान पिता रोहित खान उम्र 35 वर्ष निवासी झारखंड को काफी चोटें आई थी डायल 112 आरक्षक बिहारीलाल थाना छाल ईआरवी वाहन में आहत ट्रेलर चालक को बिठाकर सीएचसी छाल ले जाकर भर्ती कराया है ।

## चरित्र शंका कर पत्नी को प्रताड़ना, जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस चौकी जुटमिल में दिनांक 19.07.19 को एक विवाहिता द्वारा उसके पति पर चरित्र शंका कर मारपीट कर प्रताडित करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है । पीडिता ने बताया कि इसकी शादी सामाजिक रीति रिवाज से वर्ष 2010 में जुटमिल क्षेत्रान्तर्गत रहने वाले सिंघल परिवार में हुई है । इसके दो बच्चे है, पति छोटी-छोटी बातो को लेकर चरित्र पर शंका कर शराब पीकर आये दिन मारपीट करता है जिससे मानसिक रूप से परेशान होकर पति के साथ नही रहने का फैसला कर अलग रहने लगी उसके बावजुद भी उसका पति आये दिन लडाई झगडा मारपीट करता था । इस संबंध में चौकी जूटमिल में आवेदन दिये जाने पर थाना कोतवाली (चौकी जूटमिल) में आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 554/19 धारा 498(क), 506, 323 भा0द0वि0 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।

## घरघोड़ा राइनो स्टाफ ने पूंजीपथरा थाना क्षेत्र से बाईक चोरी करने वाले चोर को पकड़ा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** घरघोड़ा राइनो को बाईक चोरी का इवेंट मिला । इवेंट पर डॉयल 112 घरघोड़ा राइनो ईआरवी वाहन में आरक्षक अरविंद पटनायक, ईआरवी वाहन चालक के साथ ग्राम झापपारा घरघोड़ा पहुंचा, जहां उसे डॉयल 112 में कॉल करने वाला कॉलर मिला । कॉलर ने बताया की उसके रिस्तेदार गोपाल यादव पिता रामेश्वर यादव निवासी सामारूमा पूंजीपथरा की बाईक मोटर सायकल हीरो आई स्मार्ट क्र सीजी 13 यूएच 1337 दिनांक 18-19/07/19 के रात्रि सामारूमा, पूंजीपथरा से चोरी हुई है । आज गांव का जगदीश यादव एक बाईक लेकर घुम रहा है । तब तस्दीकी के लिये आरक्षक अरविंद पटनायक ईआरवी वाहन पर जगदीश यादव के घर पहुंचा और उससे पूछताछ किया तो उसने चोरी की बाईक घर पर छिपाकर रखना बताया । आरोपी जगदीश यादव



पिता सुखीराम यादव उम्र 33 वर्ष निवासी झापपारा थाना घरघोड़ा के कब्जे से बाईक हीरो आई स्मार्ट क्र सीजी 13 यमएच 1337 कीमती 60,000 रूपये को बरामद कर उसे हिरासत में लिया गया है । घटना के संबंध में रामेश्वर यादव निवासी सामारूमा द्वारा थाना पूंजीपथरा में अप.क्र. 126/19 धारा 457, 380 भादंवि दर्ज कराया गया है । प्रार्थी के अनुसार अज्ञात आरोपी दिनांक 18-19/07/19 के रात्रि दीवाल फांदकर घर के अंदर परछी में खडी मोटर सायकल को चोरी कर ले गया था ।

## एनएसएस व एनसीसी के छात्रों ने किया वृक्षारोपण



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शासकीय हेमसुन्दर गुप्ता उ.मा. विद्यालय महापल्ली रायगढ़ में आज वृहद वृक्षारोपण का कार्य किया गया। सेवा निवृत शिक्षक एवं विद्यालय प्रबंधन व विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष टी.डी. प्रधान के अगुवाई में एनएसएस व एनसीसी के स्वयंसेवक व कैडेटस ने स्कूल के प्रांगण में छायादार व फलदार वृक्ष लगाकर उन्हें जीवित व पोषित रखने का भी संकल्प लिया। प्राचार्य एम.ए. सिद्दीकी ने इस कार्यक्रम को जल्द ही मुख्य मार्गो के समीपस्थ जगहों पर आयोजित करने व पर्यावरण के विषय के गभीरता से ग्रामीणों को जागरूकता लाने कि जिम्मेदारी कैडेटस व एनसीसी प्रभारी को दी गई। टी.डी. प्रधान ने एनएसएस व एनसीसी के स्वयंसेवक व कैडेटस को पौधों को रोपित करने के साथ-साथ उसके संरक्षण को ज्यादा महत्व बताते हुए वृक्षों को सुरक्षित ढंग से संरक्षित करने विद्यार्थियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

आवश्यकता है
CAREER SCHOOL
अंग्रेजी माध्यम (English Medium) में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।
CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
अन्य बिन्दु
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090
ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480